अनुक्रमांक नाम **A**

10/20

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2021-2022

चित्रकला

समय : 2½ घण्टे कक्षा 10 पूर्णांक : 70

नोट : (i) प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड 'क' के 'प्राकृतिक दृश्य-चित्रण' तथा 'आलेखन कला' में से केवल एक का ही चित्रण करना है। **खण्ड-'ख' के 'स्मृति-चित्रण' व 'प्राविधिक कला' में से केवल एक ही** करना है।

(ii) सभी प्रपत्रों पर अपना अनुक्रमांक अंकों में तथा शब्दों में स्पष्ट रूप में लिखिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

खण्ड-'क' (प्राकृतिक दृश्य-चित्रण)

1. 20 सेमी × 25 सेमी के आयत में निम्नलिखित में से किसी एक का दृश्य चित्रण कीजिए। चित्र को जल रंगों अथवा पेस्टल रंगों से पूर्ण कीजिए - 40

चित्रण करते समय निम्नलिखित बातों पर ध्यान दीजिए -

(क) सही अनुपात (ख) सुन्दर संयोजन

(ग) आकर्षण रंगों योजना (घ) सामान्य प्रभाव

(i) झील में नौका-विहार अथवा (ii) दो मानव आकृति के साथ ग्रामीण जीवन।

अथवा

(आलेखन कला)

10 सेमी त्रिज्या वाले वृत्त में एक सुन्दर आलेखन की रचना कीजिए, जो किसी भारतीय फूल, कली, पत्ती व तितली आदि पर आधारित हो। आलेखन में तीन जल रंगों का प्रयोग कीजिए। 40

आलेखन करते समय निम्नलिखित बातों पर ध्यान दीजिए -

(क) संयोजन (ख) रेखा सौष्ठव

(ग) उत्तम रंग संगति (घ) सामान्य प्रभाव।

खण्ड - 'ख' (स्मृति-चित्रण)

2. निम्नलिखित में से किसी एक का स्मृति-चित्रण, छाया-प्रकाश दर्शाते हुए पेन्सिल से बनाइए। चित्र 15 सेमी से छोटा नहीं होना चाहिए। चित्रांकन में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए - 30

(क) रेखा सौष्ठव (ख) आकृति की अनुरूपता

(i) बकरी (ii) लोटा व बाल्टी

(iii) लौकी व बैंगन (iv) बत्तख।

अथवा

(प्राविधिक कला)

दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों को हल कीजिए - 30

(i) दो समान वृत्तों, जिनकी त्रिज्याएं 2.5 सेमी हो, पर समान अनुस्पर्शी रेखा की रचना कीजिए।

(ii) 3 सेमी भुजा वाले एक समपंचभुज के परिगत एक समबाहु त्रिभुज की रचना कीजिए।

(iii) एक त्रिभुज की रचना कीजिए जिसकी भुजाएं क्रमश: 6 सेमी, 5 सेमी व 4 सेमी हैं। इस त्रिभुज के अन्तर्गत एक वर्ग की रचना कीजिए।

(iv) दिए गए त्रिज्याओं 2.5 सेमी, 3 सेमी और 3.5 सेमी के तीन वृत्तों की रचना इस प्रकार कीजिए कि प्रत्येक वृत्त दूसरे अन्य वृत्तों को स्पर्श करे।

https://www.upboardonline.com